# गैस पीड़ित इलाकों में नहीं मिल रहा शुद्ध पानी, कोर्ट के आदेश बेअसर

निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. यूनियन कार्बाइड से प्रभावित इलाकों में पानी की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है. शिव नगर, सुंदर नगर, ब्लू मून, अटल आयूब नगर और नवाब कॉलोनी सहित कई बस्तियों के रहवासी लगातार संकट झेल रहे हैं.**

हालात यह हैं कि कई इलाकों में 3 से 4 दिन तक पानी नहीं आता, और जब सप्लाई होती भी है तो गंदा, बदबूदार और बिना फिल्टर का पानी मिलता है. ऐसे पानी के उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है और बीमारियों का डर बना हुआ है.स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके की पाइपलाइन कई जगहों से टूटी और जर्जर हो चुकी है. इसके कारण नालियों का गंदा पानी सीधे पेयजल सप्लाई में मिल रहा है. पहले से ही इन क्षेत्रों का भूजल रासायनिक रूप से प्रदूषित है, जिस कारण ट्यूबवेल और बोरवेल बंद पड़े हैं. ऐसे में हजारों लोग पूरी तरह नगर निगम की जल सप्लाई पर निर्भर हैं, लेकिन वहां से भी उन्हें पर्याप्त और साफ पानी नहीं मिल पा रहा.

गैस पीड़ित संगठन की सदस्य रचना ढींगरा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन प्रभावित इलाकों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है. उन्होंने बताया कि जहां इन बस्तियों को नर्मदा



का साफ पानी दिया जाना चाहिए था, वहां बड़े तालाब का सबसे खराब और गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है. सप्लाई का कोई तय समय नहीं है, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि जो पाइपलाइन डाली गई है वह पुरानी, सड़ी और जगह-जगह से टूटी हुई है, जिसके कारण गंदा पानी आ रहा है. रचना ढींगरा ने कहा कि यह इलाके पहले से ही जहरीली जमीन और प्रदूषित पानी से प्रभावित हैं, इसलिए इन्हें पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी. सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए और अमृत योजना के तहत पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाए, लेकिन आज तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि जब नगर निगम सुप्रीम कोर्ट को ही गुमराह कर रहा है तो आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा.


उन्होंने कहा कि पानी की सप्लाई को नियमित करने के लिए प्रयास जारी हैं और जरूरत पड़ने पर टैंकर भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं. साथ ही नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान जल्द शुरू किया जाएगा.



नवाब कॉलोनी के रहवासी तारिक ने बताया कि इलाके में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है. नालियां कचरे, पन्नियों और गंदे पानी से भरी पड़ी हैं, जिनकी समय पर सफाई नहीं हो रही. उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई मौके पर नहीं आया, सिर्फ आश्वासन दिया गया. इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है.



इसी कॉलोनी की नफीजा बी ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से पानी नहीं आया है. प्रशासन की ओर से टैंकर की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई. मजबूरी में लोगों को दूसरे इलाकों में जाकर पानी भरना पड़ रहा है, जिससे आपस में विवाद और झगड़े हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि पार्षद और अधिकारी क्षेत्र का दौरा नहीं करते और फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता.



आरिफ नगर क्षेत्र के केजीएफ कॉलोनी के मो. रशीद ने बताया कि एक सप्ताह से पानी की किल्लत बनी हुई है. लोगों को 20 रुपये तक की बोतल खरीदनी पड़ रही है. पानी भरने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है, जिससे कामकाजी लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और मजदूरी तक छूट रही है.

### सुधार के किए जा रहे हैं प्रयास : पार्षद

वार्ड 77 के पार्षद दानिश ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि कचरा उठाने के लिए नियमित रूप से गाड़ियां भेजी जा रही हैं. पार्षद ने माना कि कुछ जगहों पर पाइपलाइन पुरानी होने के कारण दिक्कत आ रही है, जिसके लिए नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है.

## 34095 किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर गेहूं बेचा

**भोपाल.** 93 उपर्जान केंद्रों पर गुरुवार आखिरी दिन समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी होगी. अंतिम दिन जिला खाद्य आपूर्ति प्रशासन की टीम भी उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेगी. 9 अप्रैल से 27 मई तक 34095 किसान गेहूं का विक्रय कर चुके हैं. 34988 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल के जरिए गेहूं की बिक्री के लिए स्लॉट लिए थे. कुछ दिनों पहले पोर्टल बंद होने से कई किसान स्लॉट नहीं ले पाए थे. ऐसे में ये किसान गेहूं की बिक्री नहीं कर पा रहे हैं. जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि 779 करोड़ की राशि किसानों को दी गई है. उपार्जन केंद्रों पर किसानों कोई दिक्कत न हो,इसलिए पानी सहित अन्य बुनियादीं सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं.

# पुलिस अधिकारी की बेटी ने की आत्महत्या

### पुलिस को मौके पर मिला पत्र

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 मई. शहर के पॉश इलाके चार इमली में एक पुलिस अधिकारी की 17 साल की बेटी की आत्महत्या का मामला सामने आया. अधिकारी की बेटी ने सरकारी आवास में फांसी लगाकर जान दे दी.**

बुधवार को शव का पीएम कराते हुए हबीबगंज थाना पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक आईपीएस संजीव कंचन पीएचक्यू में तैनात हैं. उनकी बेटी 12 वीं कक्षा की छात्रा थी. मंगलवार को छात्रा ने घर के ही एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

पुलिस को मौके पर एक पत्र भी बरामद हुआ है, जिसमें छात्रा ने खुद को माता-पिता की एक अच्छी बेटी नहीं बन पाने का दुख जताया है. इस पत्र नोट में आत्महत्या के कारण का जिक्र नहीं हुआ है. पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन भी जब्त कर हालिया संपर्कों की जांच शुरू कर दी है. इसके साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट्स और ऑनलाइन गतिविधियों को भी खंगाला जा रहा है.

छात्रा के दोस्तों, साथ पढ़ने वाले बच्चों और परिवार से पूछताछ कर हर एंगल की पड़ताल पुलिस कर रही है.

### बेटी के कदम से घर के सदस्य हैरान

शव का पीएम कराते हुए पुलिस ने मर्ग कामय कर जांच शुरू कर दी है. बताया यह भी जा रहा है कि अधिकारी संजीव कंचन ने अपनी इस बेटी को गोद लिया था. बेटी जब 3 साल की थी, तब उसे गोद लेकर संजीव कंचन ने पालन-पोषण किया. बेटी के इस कदम से घर के सभी सदस्य हैरान हैं. पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच एंगल उस दिशा में बढ़ाएगी. आईपीएस संजीव की पत्नी रेणुका कंचन भोपाल गैस राहत कोर्ट में जज हैं.

# न्यू मार्केट में 4 दिन से लगातार बह रहा पानी





निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई.गर्मी के दिनों में जहां एक ओर शहर के कई इलाकों में लोग पानी की कमी से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर नए भोपाल के न्यू मार्केट क्षेत्र में पीने का शुद्ध पानी लगातार बर्बाद हो रहा है.**

जानकारी के अनुसार न्यू मार्केट स्थित जल आपूर्ति के मुख्य गेट के सामने पिछले चार दिनों से एक वाल्व से लगातार साफ पानी बह रहा है. हैरानी की बात यह है कि इस समस्या की जानकारी न तो नगर निगम को है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को.



मौके पर मौजूद ऑटो चालक सुभोध चिमांडे ने बताया कि यहां से पानी की पाइपलाइन गुजरती है और उसी में लगा यह वॉल्व लीक हो रहा है. उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले नगर निगम के कर्मचारी यहां काम करने आए थे, लेकिन काम अधूरा छोड़कर चले गए .कर्मचारियों ने खुदाई के बाद मिट्टी भी वहीं छोड़ दी, जिससे पानी के साथ कीचड़ बन रहा है और रिसाव और तेज हो गया है .स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के कर्मचारी कई बार यहां आते हैं, स्थिति देखते हैं और बिना कोई सुधार किए लौट जाते हैं. इससे रोजाना हजारों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा है.

**इनका कहना है...**

वार्ड 32 की पार्षद आरती अनेजा ने कहा कि उन्हें इस समस्या की पहले कोई जानकारी नहीं थी.जल्द ही मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराया जाएगा.

## एक नजर में

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**भोपाल.** निशातपुरा इलाके में एक शादीशुदा महिला ने अपने पुरुष साथी कर्मचारी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उससे शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता अपने पति से अनबन होने के बाद इलाके में संचालित एक निजी कंपनी में काम करती है. पीड़िता की पहली शादी से महिला की एक बेटी भी है. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. एसआई करण सिंह ने बताया कि 27 वर्षीय महिला की आरोपी से साल 2025 में मुलाकात हुई. आरोपी ने करोंद इलाके में एक होटल में साथ ले जाकर महिला से दुष्कर्म किया.

### आज पलासी टंकी से प्रभावित रहेगा जलप्रदाय

**भोपाल.** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आशाराम तिराहे से रत्नागिरी तक सड़क निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार को टूबा कॉलेज के पास एचडीपीई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके चलते 28 मई को पलासी स्थित उच्च स्तरीय टंकी से कमलेश नगर, शंकर नगर बस्ती, राज नगर, भारती स्टेट आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा.

### 2 करोड़ रुपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल.** राजधानी के मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी डी-सेक्टर में गुरुवार को दो करोड़ रुपए की लागत किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया. यह भूमिपूजन हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती के साथ किया. इस रशि से क्षेत्र में सड़क निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं व अधोसंरचना विकास संबंधी कार्य कराए जायेंगे.

### निगम ने 31 पशुओं को कांजी हाउस भेजा

**भोपाल.** नगर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने अवधपुरी, आधारशिला, डीआईजी बंगला, 80 फिट रोड, करोद मंडी, बेस्ट प्राइस, भानपुर, सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की.

# ईद पर नमाज को लेकर रूट रहेंगे डायवर्ट

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की रहेगी तैनाती

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 मई. ईद-उल-अजहा के मौके पर गुरूवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की तैनाती रहेगी. इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने भी शहर में याता यात व्यवस्था पर निगरानी रखेगी.**

शहर के ईदगाहों पर बडी संख्या में नमाज अदा करने के लिए धार्मिक लोग उपस्थित होंगे. नगरीय यातायात पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए रूट डायवर्सन किया है. सुबह के 5.30 बजे से भोपाल गेट से तरूण पुष्कर होकर ईदगाह, गोलघर से परिबाजार होकर ईदगाह, व्हीआईपी गेस्ट हाउस, टीबी अस्पताल होकर ईदगाह पैदल और अपने वाहनों से नमाज अदा करने के लिए लोग पहुंचेगे. इसके साथ ही जिनकों नमाज अदा नहीं करनी है. वह लोग ईदगाह के आसपास की कॉलोनी में जाना हो वो नजदीकी गलियों से आना जाना कर सकेंगे. इसी प्रकार तजूल मस्जिद, मोती मस्जिद, जामा मस्जिद पर भी नवाज अदा की जायेगी.

- इंदौर-उज्जैन की तरफ से आने-जाने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर न आते हुए हलालपुर बस स्टैण्ड तक आवागमन कर सकेगी.
- राजगढ़ (ब्यावरा) की ओर से आने-जाने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैण्ड की ओर न आते हुए हलालपुर बस स्टैण्ड तक आवागमन कर सकेगी.
- रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल-रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन व्हीआईपी रोड से हो सकेगा.
- इसी प्रकार लालघाटी कोहेफिजा से इमामी गेट , पीरगेट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन व्हीआईपी रोड से हो सकेगा.
- लालघाटी से रायल मार्केट की ओर, रायल मार्केट से मोती मस्जिद की ओर, रायल मार्केट से तीन मोहरा, नादारा बसस्टेण्ड की ओर बीसीएलएल, मध्यम और बड़ी बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा. नादरा बस स्टैण्ड से लालघाटी की ओर जाने वाली बसें जेपीनगर तिराहे से बेस्ट प्राईज करौंद होकर आवागमन कर सकेंगी.
- सभी प्रकार के लोकपरिवहन, मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहनों का ईदगाह की ओर आने वाले मार्गों पर उपरोक्त समय में आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए लोग समय से पहले निकले.

# राह चलते युवक को जबरन कार में बैठाया

## वीडियो के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 मई. अशोका गार्डन इलाके में राह चलते एक युवक को नकाबपोशों ने जबरन कार में बैठाया. घटना का वीडियो सामने आया, जिसमें तीन नकाबपोश युवक को जबरन कार में बैठाते दिख रहे हैं. एक राहगीर की शिकायत पर और सामने आए वीडियो के आधार पर अशोका गार्डन थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक पुलिस की जांच में सामने आया कि जिस युवक को जबरन कार में बैठाया गया. उनका नाम जुबैर खान (27) है और वह इलेक्ट्रानिक का काम करता है. आरोप है कि जुबैर एक युवती से बात करता था और युवती का लिव इन पार्टनर करण (27) से एक दिन पहले विवाद भी हुआ था. करण को लेकर जानकारी सामने आई है कि वह इंडस्ट्रियल एरिया में रहता है और उसने ही बदले की भावना से जुबैर का अपहरण कर कार में बैठाया. जुबैर को जिस कार में बैठाया गया. वह कार कार अजय चौकसे नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर है.



### पूछताछ करने की तैयारी...

पुलिस अजय से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है. इसके साथ पुलिस घटना के समय कार किसके पास थी. जुबैर के साथ यह घटना तब हुई जब वह प्रभात चौराहे के पास एक चाय की दुकान पर रविवार को खड़ा था. इस दौरान कार सवार तीन लोग वहां पहुंचे और उसे जबरन अपनी कार में बैठा लिया.

# लाऊखेड़ी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



### महाबली नगर में बुलडोजर से तोड़ी दीवार

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 मई.संत हिरदाराम नगर क्षेत्र में आने वाले लाऊखेड़ी गांव में बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर चला. नगर निगम प्रशासन के अतिक्रमण अमले के सहयोग से सदभावना परिसर कॉलोनी के भूमि खसरा नंबर-202 शासकीय नाले की भूमि का सीमांकन किया गया था.**

अतिक्रमण कर बनाई गई बाउंड्रीवॉल तोड़ी गई. साथ ही पिलर,टीन शेड को भी हटाया गया. बता दें कि शासकीय भूमि व अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की कार्रवाई जारी है.

### प्रशासन की ओर से तत्काल कार्रवाइ

जनसुनवाई,सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली अतिक्रमण की शिकायतों के बाद प्रशासन की ओर से तत्काल कार्रवाई की जा रही है. बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय के निर्देश पर लाऊखेड़ी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. निगम अमले ने दाता कालोनी में अवैध रूप से बना शेड जेसीबी से तोड़ दिया. कोलार रोड महाबली कालोनी में बिल्डिंग की अवैध रूप से बनीं दीवार व लेटबाथ को भी तोड़ा.

# बदमाशों को पकड़ने आधी रात पहुंची पुलिस



### देशी कट्टा और छुरी बरामद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 मई. क्राइम ब्रांच पुलिस की 60 सदस्यीय टीम का मिडनाइट चेकिंग अभियान चला. इस दौरान 2 दर्जन बदमाशों के घरों पर एक साथ पुलिस ने दबिश दी. पुलिस ने अशोका गार्डन क्षेत्र के एक ही मोल्ले के 24 बदमाशों की एक साथ सर्चिंग की.**

इस मौके पर पुलिस ने बदमाश जुबैर खान (24) निवासी जहांगीराबाद के पास छुरी. आरोपी सोहेल खान (25) निवासी ऐशबाग के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया. क्राइम ब्रांच के इस अभियान में लगभग 60 अधिकारियों और कर्मचारियों की 4 टीमों ने करीब 2 दर्जन अपराधियों के घरों पर एक साथ दबिश देकर सघन तलाशी ली. कार्यवाही में चाकूबाज, फायरिंग, लूट एवं आदतन अपराधियों को चिन्हित कर पूछताछ एवं डोजियर कार्रवाई की गई. घर पर नहीं मिले बदमाशों एवं जिला बदर अपराधियों का वीडियो कॉल के माध्यम से सत्यापन किया गया.

अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं पुलिस को मिली, जिन पर आगे कार्रवाई जारी रहेगी. क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक शहर में अपराधियों, आदतन बदमाशों और फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए सूचनाओं के आधार पर विशेष धरपकड़ एवं सर्चिंग अभियान चलाया गया. अभियान के तहत अशोका गार्डन में देर रात्रि दबिश दी गई. सूचना मिली थी कि कई अपराधी दिन में पुलिस चेकिंग से बचने के लिए घरों से बाहर रहते हैं और देर रात घर वापस लौटते हैं. पुलिस गतिविधियों की भनक लगते ही अन्य बदमाश भी फरार हो जाते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच ने एक ही समय पर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी, जिससे अधिकांश बदमाश अपने घरों पर मिले.

**शुरुआत** पूरे डेढ़ माह बाद फिर चलेगा बुलडोजर, जनगणना के कार्य से रुकी थी कार्रवाई

# 1 जून से कैचमेंट में होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. बड़े तालाब के कैचमेंट में एक बार फिर बुलडोजर चलने की तैयारी शुरू हो गई. निजी भूमि पर अतिक्रमण की कार्रवाई की शुरुआत एक जून से होने की संभावना बताई जा रही है. अभी तक इन अतिक्रमणों को हटाने को लेकर नगर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा जारी नाटिसों पर सुनवाई की जा रही थी, जो पूरी हो चुकी है.**

जिसकी जानकारी नगर निगम ने प्रशासन को भेज दी है. 29 मई को अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर प्रशासन की बैठक होने जा रही है. जिसमें शुरुआत कहां से की जाना है इस पर चर्चा की जाएगी.

बड़े तालाब के कैचमेंट में अतिक्रमण की कार्रवाई को रुके हुए लगभग डेढ़ माह हो गया. कुछ दिनों बाद बारिश शुरू हो जाएगी तो फिर अतिक्रमण वाली झुग्गियों पर कार्रवाई होना संभव नहीं होगा. रसूखबार लोगों का भी निजी भूमि पर पक्के निर्माण हैं. वह भी प्रशासन के लिए चुनौती बन रहे हैं.

### कोई अतिक्रमण नहीं रहेगा

बड़े तालाब के कैचमेट में अतिक्रमण की रुकी हुई कार्रवाई को लेकर एडीएम सुमित कुमार पाण्डे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम जल्द की कार्रवाई की शुरुआत करने जा रहे हैं. अगर अमले की परेशानी नहीं हुई तो एक जून से कैचमेंट के निजी भूमि के निर्माणों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि एनजीटी के आदेश का पालन होगा उसमें फिर चाहे रसूखदार हों या फिर अधिकारी सभी पर एक समान कार्रवाई होगी. कैचमेंट को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा.

### दो सर्किल में लगभग 347 अतिक्रमण चिन्हित

बैरागढ़ क्षेत्र में ही 220 और टीटी नगर में 127 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं. जिसमें बैरागढ़ सर्कल, टीटी नगर, खानूगांव, प्रेमपुरा, सेवनिया गोंड और वन विहार के पास का हिस्सा शामिल है. इनमें बड़ी मात्रा में झुग्गियों के अलावा प्रभावशाली लोगों के पक्के निर्माण, होटल, रेस्टोरेंट, फूड ज़ोन और मैरिज गार्डन जैसी व्यावसायिक संपत्तियां भी शामिल हैं.

### जनगणना से रुकी थी कार्रवाई

टीटी नगर वृत्त के तहसीलदार कुनाल राउत ने बताया कि अभी तक जनगणना का कार्य चल रहा था, जो 30 जून तक पूरा हो जाएगा .नगर निगम से अतिक्रमण हटाने संबंधी पत्र आ गया है. एक जून से अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू कर देंगे. जितने निर्माण चिन्हित किए गए हैं, सभी पर एक समान कार्रवाई की जाएगी .उधर, बैरागढ़ वृत्त के तहसीलदार हर्ष विक्रम सिहं ने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है. और तीस मई के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा.



# पार्कों में सुनिश्चित की जाए साफ-सफाई : महापौर

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. महापौर मालती राय ने बुधवार को वार्डों में स्थित पार्कों के रखरखाव सहित विकास कार्यों व जनसुविधााओं का औचक निरीक्षण किया.**

इस दौरान महापौर ने वार्ड 43 में शिवाजी नगर क्षेत्र स्थित परिवार नियोजन केंद्र परिसर में पार्क के विकास के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और उसमें पार्क विकसित करने के निर्देश दिए. महापौर ने वार्ड 48 के अंतर्गत ई-8 भरत नगर स्थित पार्क का निरीक्षण किया.